प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर के लिल्ह में अनेक विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने पी.एम.श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठ्शाला तीसा में विद्यार्थियों के साथ भी संवाद किया और एंटी चिट्टा वॉकथॉन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को चिट्टे व अन्य नशीले पदार्थों से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता जताई कि हमारी युवा पीढ़ी नशे के विरुद्ध जागरूक होने के साथ ही राज्य सरकार की पहल को भी समझ रही है। उन्होंने बच्चों से चिट्टे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को देने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने चंबा ज़िला में चुराह विधानसभा क्षेत्र के देहग्रां में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत स्थानीय लोगों, महिला मंडलों और युवक मंडलों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने और गांवों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा को सतत् आजीविका के प्रमुख साधन के रूप में भी चिन्हित किया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार अगले माह से 'मुख्यमंत्री का अपना परिवार सुखी परिवार योजना' शुरू करेगी।

विधानसभा सत्र

धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा परिसर में 16 से 21 नवंबर तक आयोजित होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज़ कर दी हैं। कांगड़ा जिला के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि सत्र की तैयारियों को लेकर विभागीय समन्वय बैठक आयोजित कर सभी संबंधित विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। उपायुक्त ने बताया कि सत्र के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए सड़क, बिजली और पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि सत्र में भाग लेने के लिए धर्मशाला पहुंचने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पत्रकारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन सत्र के सफल और व्यवस्थित आयोजन के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहा है।

त्रिलोक कपूर

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने मुख्यमंत्री और प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि केंद्र सरकार के सहयोग से चल रही विकास परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं का श्रेय मुख्यमंत्री स्वयं लेने का प्रयास कर रहे हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से प्राप्त धनराशि को बांटकर अपनी उपलब्धियां गिनाने में व्यस्त हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों के योगदान का उल्लेख तक नहीं करते। त्रिलोक कपूर ने मुख्यमंत्री के राजस्थान से 15 रूपए 50 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली बेचने के समझौते से चार महीने में 4 सौ करोड़ रुपये की अनुमानित आमदनी के दावे पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि प्रदेश की वास्तविक आर्थिक स्थिति क्या है, बिजली बेचने से कितनी शुद्ध आय होगी और इस राशि का उपयोग किन कार्यों में किया जाएगा।

सहायता राशि

प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा दीपावली के अवसर पर एक हजार 4 सौ 44 पंजीकृत श्रमिक परिवारों को 6 करोड़ 10 लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कल 6 नवंबर को बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत यह राशि श्रमिकों के बैंक खातों में हस्तांतरित करेंगे।